CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 239 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 21 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## निकाय चुनाव की उलटी गिनती शुरू: 196 नगरीय निकायों में वोटर लिस्ट का शेड्यूल जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावी माहौल के बीच अब नगरीय निकायों में भी सियासी सरगर्मी तेज होने जा रही है। राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिकाओं में चुनाव की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए वोटर लिस्ट तैयार करने का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके साथ ही प्रदेश के 39 जिलों की 196 नगरीय निकायों में चुनाव की प्रक्रिया औपचारिक रूप से प्रारंभ हो गई है।



आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 24 मार्च को संबंधित निकायों में मतदाता सूची का प्रारूप (ड्राफ्ट) प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद 28 दिनों तक आमजन से दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी तथा उनका निराकरण किया जाएगा। सभी आपत्तियों के निस्तारण के बाद 22 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। इसी आधार पर आगामी चुनाव कार्यक्रम घोषित किया जाएगा।

हालांकि राजस्थान हाईकोर्ट ने 15 अप्रैल 2026 तक निकाय चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं, लेकिन वर्तमान शेड्यूल के अनुसार अप्रैल मध्य तक चुनाव कराना संभव नहीं दिख रहा। आयोग ने अपने आदेशों में हाईकोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया है कि न्यायालय की पालना में ही चुनावी तैयारियां तेज की गई हैं।

**आठ नगर निगमों में होगा चुनावी मुकाबला**

प्रदेश के प्रमुख नगर निगमों में भी चुनावी बिगुल बजेगा। जिन नगर निगमों में चुनाव प्रस्तावित हैं, उनमें अजमेर, बीकानेर, भरतपुर, जयपुर, अलवर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर शामिल हैं। इन नगर निगमों में चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने अभी से रणनीति बनानी शुरू कर दी है।

**29 नगर परिषदों में भी चुनाव की तैयारी**

इसी तरह 29 नगर परिषदों में भी चुनाव कराए जाएंगे। इनमें सलूंबर, निम्बाहेड़ा, बांसवाड़ा, बूंदी, बारां, जालोर, बालोतरा, बाड़मेर, तिजारा, खैरथल, बहरोड़, झुंझुनूं, फतेहपुर, सीकर, दौसा, शाहपुरा, सवाई माधोपुर, हिंडौन सिटी, धौलपुर, सुजानगढ़, चूरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, डीडवाना, मकराना, ब्यावर, टोंक, नागौर और किशनगढ़ शामिल हैं।

## कोटा में अवैध पिस्टल के साथ पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष गिरफ्तार, कोहिनूर गैंग से कनेक्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**

गर्वित । शहर में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बोरखेड़ा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक कांग्रेस से जुड़ा रहा है और पूर्व में विधानसभा क्षेत्र का यूथ कांग्रेस अध्यक्ष भी रह चुका है। पुलिस के अनुसार आरोपी हथियार बेचने की फिराक में घूम रहा था।



थाना अधिकारी अनिल टेलर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नया नोहरा रोड क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर युवक को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी की पहचान देशराज चौधरी निवासी कैथुन थाना क्षेत्र के रूप में हुई है।


प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने करीब डेढ़ महीने पहले पिस्टल शौक के तौर पर खरीदी थी। वह प्रॉपर्टी का व्यवसाय करता है। उसने हथियार शरणजीत सरदार, कालू भोरा और लोकेश नामक व्यक्तियों से खरीदने की बात स्वीकार की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार हथियार कोहिनूर गैंग से जुड़े नेटवर्क के माध्यम से खरीदा गया था और आरोपी उसे आगे बेचने की फिराक में था।

फिलहाल पुलिस ने देशराज चौधरी को न्यायालय में पेश कर दिया है। वहीं कालू, शरणजीत और लोकेश फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश जारी है।

## प्लास्टिक अभियान में कपड़े की थैलियां भी जब्त, व्यापारियों ने उठाए सवाल, एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

रमेश गुर्जर। कस्बे में नगर पालिका द्वारा प्लास्टिक थैलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान कपड़े की निर्मित थैलियों को भी जब्त किए जाने पर व्यापारियों में रोष व्याप्त हो गया है। विरोध स्वरूप व्यापारियों ने उपखंड अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की।




ज्ञापन में व्यापारियों ने बताया कि केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिसका वे पूर्ण समर्थन करते हैं। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से यह कदम सराहनीय है। इसी के चलते व्यापारियों ने प्लास्टिक थैलियों के स्थान पर कपड़े की थैलियों का उपयोग शुरू किया है।

व्यापारियों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा प्लास्टिक के साथ-साथ कपड़े की थैलियों को भी जब्त किया जा रहा है, जो नियमों के विपरीत है। उनका कहना है कि अभियान के दौरान कुछ कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया तथा जुर्माना भी लगाया गया। इससे व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है।

व्यापारियों ने उपखंड अधिकारी से मांग की है कि नगर पालिका को स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं कि कपड़े की निर्मित थैलियों को जब्त न किया जाए, ताकि व्यापारियों और आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस संबंध में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि जांच के दौरान कई तथाकथित 'कपड़े की थैलियां' नॉन-वोवन पॉलीप्रोपाइलीन प्लास्टिक से बनी पाई गईं, जो गैर-जैव अपघटनीय सामग्री है। यदि ये थैलियां निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं या सिंगल यूज श्रेणी में आती हैं तो नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूरी कार्रवाई पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से की जा रही है तथा मामले की जांच कर उचित निर्णय लिया जाएगा।

## एनडीपीएस एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार, 25 किलो 180 ग्राम डोडा चूरा जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले के फूलियाकलां थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक प्रकरण में वांछित आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से 25 किलो 180 ग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी भवानी सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। पुलिस ने बताया की बीती 12 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम रामपुरा देवरिया खेड़ा निवासी नारायण पुत्र लादु गुर्जर (34) अपने मकान में अवैध डोडा चूरा रखे हुए है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तलाशी के दौरान मकान के स्टोर रूम से दो प्लास्टिक कट्टों में भरा अवैध डोडा चूरा बरामद किया गया। दोनों कट्टों का कुल वजन 25 किलो 180 ग्राम पाया गया।

आरोपी द्वारा बिना लाइसेंस व परमिट के मादक पदार्थ रखने पर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया। अनुसंधान के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से पुलिस रिमांड प्राप्त कर आगे की पूछताछ की जा रही है।

## स्कॉर्पियो व ट्रक की टक्कर, बड़ा हादसा टला

### ढेलाणा चौराहे के पास सड़क किनारे खाई में उतरे वाहन






**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

सांवर वैष्णव । क्षेत्र के ढेलाणा गांव में शुक्रवार अल सुबह एक होटल के पास स्कॉर्पियो और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे के बाद दोनों वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में उतर गए। गनीमत रही कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और बड़ा हादसा टल गया।

चौकी पुलिस के अनुसार ट्रक बिगोद की ओर जा रही थी, जबकि स्कॉर्पियो भीलवाड़ा की तरफ आ रही थी। ढेलाणा चौराहे के समीप दोनों वाहनों की टक्कर हो गई। सूचना मिलते ही सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

कांस्टेबल संदीप कुमार ने बताया कि दुर्घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए यातायात को सुचारू कराया।

## खेत पर काम कर रही महिला से लूट का खुलासा, तिलिस्वां मेले से आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां ।**

थाना क्षेत्र में हुई खेत पर कृषि कार्य कर रही एक महिला से दिनदहाड़े सोने के जेवरात लूटने की वारदात का पुलिस ने खुलासा किया है। मामले में एक शातिर आरोपी को तिलिस्वां मेले की भीड़ से गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसके दो साथी अभी फरार बताए जा रहे हैं। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस द्वारा रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार 5 फरवरी को लक्ष्मीखेड़ा निवासी 55 वर्षीय नंदभंवरी अपने पति मदन धाकड़ के साथ खेत पर काम कर रही थीं। पति खेत के दूसरे छोर पर कार्यरत था, इसी दौरान बाइक पर सवार तीन युवक वहां पहुंचे। महिला को अकेला देख बदमाशों ने उसे डरा-धमकाया और गले से सोने का मंगलसूत्र व मांदलिया लूटकर मौके से फरार हो गए। महिला द्वारा शोर मचाने पर जब तक उसका पति वहां पहुंचा, तब तक आरोपी भाग चुके थे।

घटना के संबंध में 17 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इसके बाद पुलिस ने थाना प्रभारी स्वागत पांड्या के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मुखबिर तंत्र की सहायता से संदिग्धों की तलाश शुरू की।

जांच के दौरान सूचना मिली कि वारदात में शामिल एक युवक तिलिस्वां मेले में भीड़ का फायदा उठाकर छिपा हुआ है। इस पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मेले में दबिश दी और चिताबड़ा निवासी 24 वर्षीय नरेश उर्फ गूंगा पुत्र रामपाल कंजर को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने वारदात करना स्वीकार किया है। उसे न्यायालय में पेश कर 23 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब उससे फरार दो अन्य साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है और लूटे गए जेवरात की बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

## दो साल से फरार एनडीपीएस आरोपी गिरफ्तार, लूट व वारंटी में भी तीन आरोपी दबोचे

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां ।**

( रमेश गुर्जर ) । फरार वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट, लूट और वारंटी प्रकरणों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी स्वागत पाण्डया के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई ।

पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में करीब दो साल से फरार चल रहे आरोपी मांगीलाल उर्फ रोहित तंवर (30) निवासी मजरा सूरजपुरा, रतलाई जिला झालावाड़ को झालावाड़ से डिटेन कर गिरफ्तार किया। आरोपी एक अन्य एनडीपीएस प्रकरण में भी वांछित था। मामले में पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस द्वारा प्रकरण में गहन अनुसंधान जारी है।रायपुर लूट मामले का आरोपी सुपुर्द दौराने गश्त दबिश देकर पुलिस ने परमेष उर्फ परमेष्वर उर्फ परमा (25) निवासी चिताबड़ा को दस्तयाब किया। वह पुलिस थाना रायपुर के लूट प्रकरण में करीब एक साल से फरार था। आरोपी को थाना रायपुर पुलिस के सुपुर्द किया गया। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ राजस्थान के विभिन्न थानों में आठ प्रकरण दर्ज हैं। एडीजे कोर्ट संख्या 03, शिविर माण्डलगढ़ के मामले में वांछित स्थाई गिरफ्तारी वारंटी मनोज पुत्र राधेश्याम कंजर निवासी चिताबड़ा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.- 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

CMYK

# 12 वर्षीय छात्रा ने लौटाया बटुआ, ईमानदारी की मिसाल पेश

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ।**

उपखंड क्षेत्र के कल्याणपुरा गांव में एक 12 वर्षीय छात्रा ने ईमानदारी का परिचय देते हुए रास्ते में मिला बटुआ उसके मालिक तक पहुंचाकर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस घटना ने क्षेत्र में बच्चों के संस्कारों और नैतिक मूल्यों की सराहना करवाई है।जानकारी के अनुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुरा के 16 छात्र-छात्राएं आठवीं बोर्ड परीक्षा देने के लिए बिरधोल विद्यालय जा रहे थे। रास्ते में पैदल चलते समय प्रीति दरोगा पिता सत्यनारायण दरोगा को सड़क पर एक बटुआ पड़ा मिला। प्रीति ने बटुआ उठाकर अपने साथियों को इसकी सूचना दी। उस समय उसके साथ शिवानी गुर्जर, अंजू बंजारा, पायल भील और धनराज बंजारा सहित अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

बच्चों ने बिना किसी लालच के बटुए को उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाने का निर्णय लिया। सभी छात्र विद्यालय के पास



स्थित गोविंद सिंह राणावत की होटल पर पहुंचे और उन्हें पूरी जानकारी दी। बटुए में मिले दस्तावेजों के आधार पर भंवरलाल व्यास का नाम सामने आया।

बताया गया कि भंवरलाल व्यास अपनी पत्नी के साथ भीलवाड़ा से बिरधोल गांव एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनका बटुआ गिर गया था। होटल संचालक गोविंद सिंह राणावत ने भंवरलाल व्यास से संपर्क कर उन्हें सूचना दी। सूचना मिलने पर भंवरलाल होटल पहुंचे और अपना बटुआ सुरक्षित पाकर बच्चों का आभार व्यक्त किया। बटुआ मिलने पर भंवरलाल व्यास ने बच्चों को धन्यवाद देते हुए उनकी ईमानदारी की सराहना की।

# चारण माता चौक पर बढ़ता अतिक्रमण, राहगीरों व श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**

**नरेश धाकड़ ।** कस्बे के वार्ड 7 में चारण माता चौक क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण से आमजन व श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मण सिंह सांखला ने बताया कि चौक के आसपास हो रहे अतिक्रमण के कारण मार्ग संकरा हो गया है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कतें आ रही हैं।

उन्होंने कहा कि चारण माता मंदिर में बाहर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन चौक के आसपास उचित पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से उन्हें वाहन खड़े करने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार सड़क पर ही वाहन खड़े होने से जाम की स्थिति बन जाती है।





स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि चौक क्षेत्र से अतिक्रमण हटाकर यातायात व्यवस्था सुचारू की जाए तथा श्रद्धालुओं के लिए उचित पार्किंग की व्यवस्था की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन युवा इकाई की नई जिला कार्यकारिणी घोषित

## संगठन विस्तार के तहत विभिन्न पदों पर नियुक्तियां, वैश्य एकता का संकल्प दोहराया

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन युवा इकाई, भीलवाड़ा द्वारा संगठन विस्तार के तहत नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। मनीष बम्ब ने बताया कि संभागीय अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल के निर्देशन एवं प्रदेश मंत्री कल्पेश चौधरी, जिला अध्यक्ष रामेश्वर लाल काबरा तथा संभागीय युवा अध्यक्ष देवेंद्र कुमार डाणी की सहमति से युवा जिला अध्यक्ष अंकित सोमानी ने कार्यकारिणी का गठन किया।

घोषित पदाधिकारियों में जिला महामंत्री हर्षिल नागौरी व राकेश जैन, मुख्य सलाहकार योगेश अग्रवाल व महादेव बाहेती, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हर्ष राठी, जितेंद्र बांठिया, विजय विजयवर्गीय, आशीष शाह (जैन), मनीष सेठी व ऋषभ पोरवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोषाध्यक्ष पद पर त्रिदेव मुंदड़ा, जिला मंत्री के रूप में सचिन काबरा, अंशुल शाह (अग्रवाल), मितेश सोडानी, रवि जैन व योगेश हेड़ा को नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर रोहित अग्रवाल, विशाल सेठी, अभिषेक जागेटिया, राजेश सोमानी व पंकज राठी, संगठन मंत्री के रूप में विकास चौधरी, शंकर ईनानी व मनीष विजयवर्गीय को जिम्मेदारी दी गई है। मीडिया प्रभारी हरिश हिंदुस्थानी (जैन) तथा सोशल मीडिया हैंडलर सुधीर अजमेरा बनाए गए हैं।

इस अवसर पर रामेश्वर लाल काबरा व कल्पेश चौधरी ने संगठन को तहसील एवं ग्राम स्तर तक सक्रिय करने का आह्वान किया। महिला संभाग अध्यक्ष मधु जाजू ने 'घर-घर सदस्य, हर दिल में अभिमान -वैश्य एकता हमारी पहचान' का नारा देते हुए सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। संगठन ने 'संगठित वैश्य समाज, सशक्त समाज' के निर्माण का संकल्प दोहराया।

# रेडियो पर कविता का रंग: आशा मीणा की नई प्रस्तुति आज

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

साहित्य प्रेमियों के लिए शनिवार विशेष रहेगा। युवा कवयित्री आशा मीणा अपनी ताज़ा कविताओं का पहला रेडियो रीसाइटल 21 फरवरी को सुबह 7 बजे एयर एफएम 101.2 पर प्रस्तुत करेंगी।

आशा मीणा की कविताएँ सामाजिक विषयों, जीवन के भावनात्मक अनुभवों और मानवीय संवेदनाओं को रेखांकित करती हैं। यह उनका पहला ऑन-एयर कविता पाठ होगा, जिसमें वे सीधा अपने शब्दों को रेडियो श्रोताओं के साथ साझा करेंगी।

रेडियो स्टेशन के नियमित कार्यक्रम के हिस्से के रूप में यह काव्य प्रस्तुति स्थानीय श्रोताओं के बीच साहित्य और




सांस्कृतिक संवाद को और भी समृद्ध करेगी। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आशा मीणा ने कहा, 'मेरी कविताएँ मेरे अनुभवों का निचोड़ा हैं; श्रोताओं के साथ साझा करने का यह मौका मेरे लिए बेहद खास है।

# 'स्वच्छ शहर, सुंदर शहर' के लिए डोर-टू-डोर अभियान शुरू

## अधिकारियों ने खुद संभाली कमान, घर-घर पहुंचकर दे रहे स्वच्छता का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद**

नगर पालिका ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने और 'स्वच्छ सर्वेक्षण' में बेहतर रैंकिंग प्राप्त करने के उद्देश्य से विशेष डोर-टू-डोर जन-जागरूकता अभियान शुरू किया है। अभियान की खास बात यह है कि नगर पालिका के अधिकारी स्वयं मैदान में उतरकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं।



शुक्रवार सुबह से अधिशासी अधिकारी विकास कुमावत और एईएन प्रवीण कुमार मीणा की देखरेख में टीमें सक्रिय रहीं। नगर पालिका की टीमों ने प्रत्येक वार्ड में घर-घर जाकर नागरिकों से संवाद किया और गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की अपील की।

साथ ही सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फेंकने तथा डस्टबिन का अनिवार्य उपयोग करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे कचरा केवल नगर पालिका द्वारा निर्धारित कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें। अधिकारियों को स्वयं सड़कों पर उतरकर जागरूकता फैलाते देख स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत किया।

# आगूचा माइंस की अनियमितताओं की जांच की मांग

## हाई टेंशन लाइन व रोजगार मुद्दे पर क्षेत्र में रोष

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

विधानसभा क्षेत्र आसींद के आगूचा स्थित हिंदुस्तान जिंक माइंस को लेकर विधायक जब्बर सिंह सांखला ने गंभीर आरोप लगाए हैं। सांखला ने विधानसभा में नियम 295 के तहत मुद्दा उठाते हुए माइंस में कथित अनियमितताओं, हादसों और स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिलने पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। सांखला ने कहा कि क्षेत्र में संचालित प्लांट में अवैध खनन, पर्यावरण



नियमों की अनदेखी और नए प्लांट की स्वीकृतियों को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। उनका कहना है कि हादसों के बाद मुआवजे के नाम पर समझौते कर लिए जाते हैं, जिससे स्थानीय लोगों में रोष है।

उन्होंने आरोप लगाया कि नया प्लांट स्थापित करने के लिए रायला की ओर से हाई टेंशन लाइन लाने की तैयारी की जा रही है, जिसके तहत किसानों के खेतों में टावर पोल लगाए जाएंगे। इससे किसानों में नाराजगी बढ़ रही है और आंदोलन की स्थिति बन सकती है। सांखला ने मांग की है कि सरकार एक जांच कमेटी गठित कर सभी बिंदुओं की निष्पक्ष जांच कराए, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए। साथ ही किसानों को विश्वास में लेकर उचित मुआवजा दिया जाए तथा यदि कोई अनियमितता पाए जाए तो संबंधित अधिकारियों व कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# 70 वर्षों से बसे परिवारों को बेघर करने की शिकायत, प्रशासन से न्याय की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ।**

उपखंड क्षेत्र के सिंह जी का खेड़ा गांव के ग्रामीणों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर 70 वर्षों से बसे परिवारों को बेघर किए जाने की आशंका जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि वे लंबे समय से पुश्तैनी जमीन पर निवास कर रहे हैं, लेकिन गांव थालोडा के कुछ लोगों की शिकायतों के आधार पर उन्हें हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

ज्ञापन में बताया गया कि संबंधित भूमि पर वर्षों से परिवार निवास कर रहे हैं और उनके मकान व आजीविका इसी जमीन पर निर्भर है। ग्रामीणों का दावा है



कि भूमि उनके पुश्तैनी कब्जे में है और इसका प्रमाण भी उपलब्ध है। इसके बावजूद शिकायतों के चलते प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की बात सामने आने से परिवारों में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और संयुक्त सर्वे कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए। साथ ही कहा कि यदि बिना जांच के उन्हें हटाया गया तो वे बेघर व बेसहारा हो जाएंगे।

ज्ञापन में प्रशासन से अपील की गई है कि वर्षों से बसे परिवारों को संरक्षण दिया जाए और न्यायपूर्ण निर्णय लिया जाए। इस दौरान ग्रामीणों ने मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# फाल्गुन दूज पर छोटा रूणिचा धाम में छप्पन भोग, 41 दिवसीय रथ यात्रा जारी

## 19 मार्च को भव्य भजन संध्या व विशेष सजावट, हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**नरेश धाकड़ ।** फाल्गुन मास की उजली दूज के उपलक्ष में प्रसिद्ध धार्मिक स्थल छोटा रूणिचा धाम में श्री बाबा रामदेव को छप्पन भोग अर्पित किया गया। यह आयोजन सरिता धाकड़ एवं जगदीश धाकड़ की ओर से श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

धाम के गादीपति महंत हीरालाल जोगी ने बताया कि 5 फरवरी से पहली बार 'दाता भक्तों के द्वार' रथ यात्रा प्रारंभ की गई है। यह रथ यात्रा हाड़ौती और मेवाड़ क्षेत्र के अनेक गांवों व शहरों में पहुंच रही है। वर्तमान में यात्रा कोटा शहर में चल रही है, जो झालावाड़ और बूंदी जिलों से होती हुई मेवाड़ क्षेत्र में प्रवेश करेगी। यह यात्रा कुल 41 दिनों तक चलेगी।

यात्रा के समापन अवसर पर 19 मार्च को मंदिर परिसर में विशेष सजावट एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भजन गायक गोकुल शर्मा सहित अनेक संतों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। आयोजन में विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

कोषाध्यक्ष संजय गर्ग ने बताया कि तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में दानपात्र खोला गया, जिसमें 32 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई। बैठक में मंदिर अध्यक्ष बाबूलाल बंजारा, कमलेश धाकड़, राजू धाकड़, ज्ञानचंद जैन, अजय यादव, रोहित रेगर, बहादुर जोगी, बबलू वैष्णव, गौरव, बंटी, भंवर सहित कई पदाधिकारी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

बैठक के समापन पर रात्रि भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें बबलू वैष्णव व आशु भारती ने भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति रस का आनंद लिया।



QUICK BITES

## शाहपुरा के डॉ. कुमावत को पीएचडी की उपाधि

### गांव के पहले डॉक्टरेट बने, मंच पर माता-पिता संग मिला सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, शाहपुरा के वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत) डॉ. परमेश्वर प्रसाद कुमावत को संगम विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। वे अपने गांव के प्रथम डॉक्टरेट बने हैं।

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े की उपस्थिति में आयोजित समारोह में कुल 871 विद्यार्थियों को डिग्री दी गई। विश्वविद्यालय ने डॉ. कुमावत की विशेष इच्छा पर उन्हें मंच पर माता-पिता के साथ उपाधि प्रदान की, जिससे समारोह भावुक क्षणों का साक्षी बना।

डॉ. कुमावत ने 'श्रीसंस्कृतदोहासप्तशती एवं साहित्यसुधासौहित्यम् का समीक्षात्मक अध्ययन' विषय पर शोध पूर्ण किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए उपाधि उन्हें समर्पित की।

समारोह में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। यह उपलब्धि पूरे शाहपुरा क्षेत्र के लिए गौरव का विषय रही।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिजोलिया में पांचवीं बोर्ड परीक्षा को लेकर दिखा उत्साह

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



**नरेश धाकड़ ।** नगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 5 के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी इस वर्ष पहली बार बोर्ड पैटर्न की परीक्षा देंगे। विद्यालय परिसर में इन दिनों परीक्षा को लेकर खासा उत्साह और हलचल देखी जा रही है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार कक्षा 5 की बोर्ड परीक्षा विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन का पहला महत्वपूर्ण पड़ाव होती है। बच्चों को परीक्षा के लिए विशेष मार्गदर्शन दिया जा रहा है तथा पुनरावृत्ति कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। शिक्षकगण विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र के स्वरूप, समय प्रबंधन और उत्तर लिखने की विधि समझा रहे हैं, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में शामिल हो सकें।

प्रधानाचार्य ने बताया कि बच्चों में किसी प्रकार का भय न रहे, इसके लिए उन्हें प्रेरित किया जा रहा है और अभिभावकों से भी सकारात्मक वातावरण बनाए रखने की अपील की गई है। विद्यालय में परीक्षा से पूर्व प्रार्थना सभा के माध्यम से विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गईं।

नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राएं भी अपनी पहली बोर्ड परीक्षा को लेकर उत्साहित नजर आए। उन्होंने बताया कि वे नियमित अध्ययन कर रहे हैं और अच्छे परिणाम की उम्मीद है।विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# भीलवाड़ा में सनातन मंगल महोत्सव, राज्यपाल ने किया कथा श्रवण

## हरिशेवा उदासीन आश्रम पहुंचे हरिभाऊ बागड़े, बोले सनातन संस्कृति अडिग और अमर






**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा। ।**

**मूलचंद पेसवानी ।**हरिशेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह के दूसरे दिन राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने आश्रम पहुंचकर श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का श्रवण किया।

राज्यपाल के आगमन पर आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज, संत-महात्माओं तथा सनातन सेवा समिति एवं हंसगंगा हरिशेवा भक्त मंडल के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

राज्यपाल बागड़े ने आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि सनातन संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन एवं समावेशी परंपरा है। ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई ताकत सनातन संस्कृति के प्रति हमारी श्रद्धा को समाप्त नहीं कर सकती। महाभारत और रामायण जैसे ग्रंथ इसकी गौरवशाली विरासत के प्रतीक हैं।

उन्होंने कहा कि इतिहास में अनेक बार सनातन संस्कृति को समाप्त करने के प्रयास हुए, किंतु आक्रमणकारी सफल नहीं हो पाए। हमारे साधु-संतों ने सदैव धर्म और संस्कृति की रक्षा का कार्य किया है।

राज्यपाल ने व्यासपीठ पर विराजित श्रीधाम वृन्दावन के कथा व्यास डॉ. श्यामसुन्दर पाराशर का अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज एवं भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आयोजन के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'एक संगत, एक पंगत' की भावना को सुदृढ़ करने वाला यह महोत्सव सनातन संस्कृति के विविध स्वरूपों को दर्शाने वाला 'मिनी कुंभ' है।

**विविध धार्मिक अनुष्ठानों का अवलोकन**

राज्यपाल ने आश्रम परिसर में आयोजित पंचकुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ, 108 भागवत मूल पाठ, शतचंडी, अखंड श्रीमद् भगवद्गीता पाठ, श्रीरामचरितमानस पाठ, श्रीचंद सिद्धांत सागर पाठ एवं अखंड रामनाम संकीर्तन का अवलोकन किया।

काशी के यज्ञाचार्य कामेश्वरनाथ तिवारी के सानिध्य में चारों वेदों के मूल पाठ के साथ यज्ञ संपादन किया जा रहा है। प्रतिदिन शाम 7 बजे श्रीधाम वृन्दावन के रसिकाचार्य कुंजबिहारी शर्मा द्वारा रासलीला तथा शाम 6 बजे काशी की तर्ज पर गंगा आरती का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन की पूर्णाहुति 25 फरवरी को होगी। 25 फरवरी को संत दर्शन एवं सनातन शोभायात्रा तथा 26 फरवरी को प्रातः 9 बजे दीक्षा दान समारोह एवं संत समागम का मुख्य आयोजन हरिशेवाधाम परिसर में होगा।

राज्यपाल बागड़े ने आयोजन की सफलता के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम का संचालन पंडित अशोक व्यास ने किया।

# बेड़च नदी पुल पर सीसी सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल , निर्माण में सरिया कम लगाने का आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**



बड़लियास स्थित बेड़च नदी पुल पर इन दिनों सीसी सड़क निर्माण कार्य जारी है। पुल के एक हिस्से पर निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि दूसरे हिस्से पर कार्य प्रगति पर है। इस बीच निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आपत्ति जताई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा सड़क को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक मानकों के अनुसार सरिया नहीं डाला जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब उन्होंने इस संबंध में आपत्ति दर्ज कराई तो केवल औपचारिकता के तौर पर नाममात्र सरिया लगाया गया।


ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं किया गया तो भविष्य में सीसी सड़क कमजोर होकर क्षतिग्रस्त हो सकती है, जिससे हादसों का खतरा बढ़ सकता है।

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मौके पर जांच कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि पुल की सीसी सड़क लंबे समय तक सुरक्षित एवं टिकाऊ बनी रहे।

# 'गिव अप अभियान' में 3.26 लाख अपात्र एनएफएसए से हटे

## 28 फरवरी तक अपात्रो को हटने का अंतिम मौका, वरना 30.57 रुपए प्रति किलो से होगी वसूली

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित 'गिव अप अभियान' में भीलवाड़ा जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले ने अब तक 2,50,790 लोगों से स्वेच्छा से 'गिव अप' करवाते हुए ऐतिहासिक सफलता दर्ज की है। इसके अतिरिक्त ई-केवाईसी प्रक्रिया के माध्यम से 75,453 लोगों को भी एनएफएसए योजना से हटाया गया है। इस प्रकार कुल 3,26,243 अपात्र व्यक्तियों को एनएफएसए योजना से बाहर किया गया है।

अपात्र लाभार्थियों के हटने से 2,71,546 पात्र किन्तु वंचित लोगों को एनएफएसए योजना से जोड़ा गया है। इससे जहां एक ओर सरकार को खाद्यान्न, गैस, बीमा एवं चिकित्सा सब्सिडी में उल्लेखनीय बचत होगी, वहीं दूसरी ओर नए लाभार्थियों को इन चार योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा।'गिव अप' योजना के अंतर्गत चार पहिया वाहन मालिक, सरकारी कर्मचारी, आयकरदाता तथा एक लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले व्यक्तियों ने सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए एनएफएसए लाभ का त्याग किया है। अभियान से समाज में जागरूकता बढ़ी है और बड़ी संख्या में लोग ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से स्वेच्छा से 'गिव अप' कर रहे हैं। इस सफलता में समाज के विभिन्न वर्गों, जनप्रतिनिधियों तथा सोशल, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विभाग के अनुसार यह अभियान आगामी 28 फरवरी तक प्रभावी रहेगा। निर्धारित तिथि तक स्वेच्छा से 'गिव अप' नहीं करने वाले अपात्र लाभार्थियों से 1 मार्च से 30 रुपये 57 पैसे प्रति किलोग्राम गेहूं की दर से खाद्यान्न की वसूली की जाएगी।

# देवनारायण मंदिर में शिखर कलश प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ के तहत हुई ध्वज स्थापना

**भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा।**

क्षेत्र के पुराना भेरू खेड़ा स्थित देवनारायण मंदिर में शिखर कलश प्रतिष्ठा एवं नवकुंडीय विष्णु महायज्ञ के निमित्त ध्वज स्थापना का कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

ध्वज स्थापना एवं कलश यात्रा का आयोजन महंत श्री श्री 108 श्री लवकुश दास जी महाराज, चिंता हरण बालाजी आश्रम गुलाबपुरा के सानिध्य में किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लिया। गांव में निकाली गई कलश यात्रा में महिलाएं मंगल गीत गाते हुए शामिल हुई, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा।

समाजसेवी दल्लीचंद गुर्जर ने बताया कि इसी क्रम में आगामी 2 मई को नवकुंडीय विष्णु महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा।



# नेशनल हाईवे-27 पर हादसा: कंटेनर की टक्कर से पिता-बेटी की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं।**



नेशनल हाईवे-27 पर शुक्रवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिता-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। काटूंदा गांव के पास तेज रफ्तार कंटेनर ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

पुलिस ने बताया की मृतक गोपालपुरा गांव निवासी 55 वर्षीय मिट्ठू सिंह और उनकी 30 वर्षीय पुत्री कल्पना थे। दोनों किसी काम से बेगूं से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान काटूंदा के समीप पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिता-बेटी को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

सूचना मिलते ही पारसोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एएसआई रामदयाल जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। दोनों शवों को काटूंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर में परिजनों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। तहसीलदार गोपाल जीनगर भी मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई का जायजा लिया। पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कंटेनर को जब्त कर लिया है। हालांकि हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश के लिए पुलिस टीम जुटी हुई है।

# सिंगोली श्याम में शालिग्राम भगवान की भव्य बारात निकली

## गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा, वेद मंत्रों के बीच संपन्न हुआ तुलसी विवाह

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**




क्षेत्र के प्रसिद्ध सिंगोली श्याम धार्मिक तीर्थ स्थल पर शालिग्राम भगवान की भव्य बारात एवं तुलसी विवाह समारोह श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। दूल्हे के रूप में सजे शालिग्राम भगवान की शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे कस्बे में भक्ति का माहौल छा गया। मंदिर प्रबंधक अर्जुन सिंह सोलंकी ने बताया कि पुजारी परिवार गोविंद पाराशर, अनिल पाराशर व अखिलेश पाराशर ने शालिग्राम भगवान को दूल्हे के रूप में सुसज्जित कर बेवाण में विराजित किया। बारात में लक्ष्मीनाथ भगवान व सिंगोली श्याम के बेवाण भी शामिल हुए। गाजे-बाजे और जयकारों के बीच शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई स्वर्णकार परिवार के आवास पहुंची। रतनलाल, चांदमल, जगदीश चंद्र, राजेंद्र कुमार एवं मनोज कुमार स्वर्णकार परिवार ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया। तोरण रस्म के बाद विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत तुलसी विवाह संपन्न कराया गया।

इस अवसर पर मंदिर भंडारी सुरेंद्र पाराशर, पंचायत प्रशासक राकेश कुमार आर्य, राजेंद्र कुमार ओझा, शांतिलाल पाराशर, शंभू सिंह गहलोत, दिनेश कुमार सोनी, लोकेश कुमार सोनी, हरिशंकर पाराशर, प्रहलाद राय पाराशर सहित सिंगोली श्याम मित्र मंडल के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# विधायक अशोक कुमार कोठारी ने विधानसभा में उठाया पत्रकारों की सुरक्षा और कल्याण का मुद्दा

## बजट सत्र में मीडिया की सुरक्षा, आवास, स्वास्थ्य और डिजिटल नीति पर रखी प्रमुख मांगें

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया की सुरक्षा और कल्याण से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। सदन में पर्ची के माध्यम से अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि पत्रकार सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं तथा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उनकी समस्याओं का समाधान करना सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है।

**पत्रकार प्रोटेक्शन एक्ट और पत्रकार कॉलोनी की मांग**

विधायक कोठारी ने पत्रकारों की शारीरिक और सामाजिक सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए 'पत्रकार प्रोटेक्शन एक्ट' को शीघ्र लागू करने की मांग की, ताकि फील्ड में कार्यरत पत्रकार निर्भीक होकर काम कर सकें। साथ ही उन्होंने प्रदेश के प्रत्येक शहर में 'पत्रकार कॉलोनी' विकसित कर रियायती दर पर भूखंड आवंटित करने का सुझाव दिया।

**लघु समाचार पत्रों के लिए विज्ञापन नीति में सुधार**

जिला स्तरीय और लघु समाचार पत्रों की आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए उन्होंने विज्ञापन दरों में वृद्धि की मांग की। साथ ही सजावटी और वर्गीकृत विज्ञापनों में 'कॉलम सेंटीमीटर' और 'वर्ग सेंटीमीटर' की विसंगति समाप्त कर दरों की गणना केवल वर्ग सेंटीमीटर के आधार पर करने का सुझाव दिया, जिससे छोटे समाचार पत्रों को उचित राजस्व मिल सके।

**स्वास्थ्य सुरक्षा और सम्मान निधि बढ़ाने पर जोर**

पत्रकारों के स्वास्थ्य हितों को ध्यान में रखते हुए विधायक ने आरजेएचएस को आरजीएचएस के समान सुविधाएं देने की वकालत की। अधिस्वीकृत पत्रकारों के लिए निर्धारित 5000 रुपये वार्षिक दवा सीमा में वृद्धि तथा 'वरिष्ठ पत्रकार सम्मान निधि' की मासिक राशि बढ़ाने की भी मांग की।

**डिजिटल पत्रकारिता के लिए स्पष्ट नीति की आवश्यकता**

डिजिटल मीडिया से जुड़े पत्रकारों के लिए स्पष्ट नियम-कानून बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कोठारी ने कहा कि वर्तमान में नीति के अभाव में डिजिटल पत्रकार प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जैसी सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने पत्रकारों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं को सरल बनाने की भी मांग की।

# भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा कार्य समिति की बैठक कल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला माहेश्वरी सभा की कार्य समिति बैठक जिलाध्यक्ष अशोक कुमार बाहेती की अध्यक्षता एवं हुरड़ा तहसील सभा के आतिथ्य में रविवार को सुबह 9 बजे से ग्राम हुरड़ा के माहेश्वरी भवन में आयोजित होगी। जिसमें भीलवाड़ा जिले के माहेश्वरी सभा के कार्य समिति सदस्य सहित महासभा के श्रृंखला बद्ध संगठन महासभा, प्रदेश सभा, जिला सभा के कार्य समिति सदस्य, समस्त तहसीलों के अध्यक्ष, मंत्री, मनोनीत सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य के साथ ही तहसील सभा हुरड़ा के पदाधिकारी भी भाग लेंगे। बैठक में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा द्वारा आयोजित जोधपुर महा अधिवेशन के प्रस्ताव, आगामी सत्र के चुनाव, जिले में महासभा की योजनाओं की क्रियान्वित पर प्रस्ताव, समाज में शिक्षा, चिकित्सा व सामाजिक सुरक्षा हेतु नवीन योजनाओं सहित अनेक विषयों पर चर्चा एवं मंथन होगा।

# स्कूटी अनियंत्रण होकर गिरी, एक घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

**( सांवर वैष्णव )**:- कस्बे में नेशनल हाईवे 758 पर रोड़ पर बनी ठोकर से एक स्कूटी अनियंत्रण होकर गिरी गई, जिसमें स्कूटी सवार युवती घायल हो गई, घायल को प्राथमिक उपचार के बाद भीलवाड़ा रेफर किया गया । सुचना पर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की ।

कांस्टेबल संदीप कुमार ने बताया कि कस्बे के पास हाईवे पर बनी ठोकर पर सवाईपुर से भीलवाड़ा की तरफ जा रही एक स्कूटी अनियंत्रण होकर गिर गई, जिसमें स्कूटी सवार बुलबुल पत्नी देवकांत जीनगर निवासी भीलवाड़ा घायल हो गई । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# सुवाणा ने जीता बलराम रस्साकशी का खिताब

## फाइनल में आटूण को हराया, 1 लाख का पुरस्कार




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

सुवाणा कस्बे की मातेश्वरी गौशाला परिसर में आयोजित भगवान श्री बलराम रस्साकशी प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार रात रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। दूधिया रोशनी में खेले गए खिताबी मुकाबले में सुवाणा टीम ने आटूण को पराजित कर 1 लाख रुपये का प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया। नॉकआउट दौर से पांसल, सुवाणा, पालड़ी और आटूण की टीमें सेमीफाइनल में पहुंची थीं। फाइनल में सुवाणा विजेता रही, जबकि आटूण उपविजेता और पालड़ी ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को कुल 1.72 लाख रुपये के नकद पुरस्कार वितरित किए गए। स्वामी विवेकानंद युवा संस्थान द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के माता-पिता को मुख्य अतिथि बनाया गया। हाथीभाटा आश्रम के महंत संत दास महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ तथा भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने अध्यक्षता की। मैदान पर 'जय बलराम' के जयकारों के बीच विजेता टीमों का सम्मान किया गया।

## QUICK BITES

# प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम, सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ तो होगा जन आंदोलन

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

नगर कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि मुख्य बाजार की क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू नहीं किया गया तो नगर में जन आंदोलन किया जाएगा।नगर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश सेन के नेतृत्व में एक सप्ताह पूर्व एडीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन में मुख्य मांग सदर बाजार की जर्जर सड़क का तत्काल निर्माण करवाने की माँग की गई थी। इस दौरान तहसीलदार ने पीएचईडी विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर एक सप्ताह में कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया था।एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने पर नगर कांग्रेस ने नाराजगी जताई है। सेन ने कहा कि यदि आगामी 24 घंटे के भीतर सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो नगर कांग्रेस व्यापारियों के सहयोग से शाहपुरा बंद करवाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की स्थिति की संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान नगर पालिका पूर्व उपाध्यक्ष नमन ओझा, नगर उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा, नगर महामंत्री ओम सिंधी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ओमप्रकाश जाट, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष जयंत जीनगर, युवा नेता शाहरुख खान भीमपुरा मौजूद रहे.

# भोपतपूरा में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**




**मानव तिवारी** तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत भोपतपूरा में एक्शन प्लान के तहत विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में पीएलवी राम बाबू माथुर ने विश्व सामाजिक न्याय विषय पर सामाजिक न्याय, आरक्षण, समानता, मानव अधिकार, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, संपत्ति के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा दलित एवं पिछड़े वर्गों के अधिकारों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया।

कार्यक्रम में कैलाश कराड़, विजय बंजारा, मोहन बंजारा, हीरा बंजारा, केशव बंजारा, गुरु बंजारा, श्यामलाल, पन्नालाल, लक्ष्मण बंजारा, बजाज भील, रघु गुर्जर सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गुलाबपुरा में व्यापारियों की बैठक आयोजित , एसडीएम से की शिकायत

**भीलवाड़ा फोकस @ गुलाबपुरा ।**



**गोपाल तिवाड़ी** शहर के समस्त प्रतिष्ठान व्यापारियों की बैठक श्री चारभुजा नाथ मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में नगर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत व्यापारियों को आ रही विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया जाए। इसके पश्चात व्यापारी संघ एवं प्रतिष्ठान के सदस्य उपखंड कार्यालय पहुंचे और उपखंड अधिकारी देवराज सिंह राठौड़ को अभियान के कारण उत्पन्न हो रही परेशानियों की जानकारी दी।

व्यापारियों ने बताया कि शहर में आवारा पशुओं की समस्या से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। कई स्थानों पर कचरा जमा है, नालियां जाम पड़ी हैं तथा सफाई व्यवस्था भी नियमित नहीं है। पूर्व पालिका अध्यक्ष धनराज गुर्जर ने भी व्यापारियों की समस्याओं को रखते हुए उचित समाधान की मांग की।

इस पर उपखंड अधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार ही कार्रवाई की जाएगी तथा प्रशासन और नागरिकों के सहयोग से गुलाबपुरा को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने का प्रयास किया जाएगा।

बैठक में व्यापारी संघ के अध्यक्ष, सचिव सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# दोवनी गांव में देवनारायण मंदिर में बाहरवी-सातम व्रतबंध उद्यापन आज से

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिले के दोवनी गांव स्थित श्री डूंगरी के देवनारायण भगवान मंदिर परिसर में बाहरवी-सातम व्रतबंध उद्यापन समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पूरे गांव में उत्साह का माहौल है और आयोजन समिति द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

समारोह की शुरुआत 18 फरवरी को हुई है। समिति के अनुसार 22 फरवरी को सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी तथा रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन होगा।

आयोजन के तहत 23 फरवरी को हवन, पूजन एवं सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें संत-महात्माओं के प्रवचन होंगे। 24 फरवरी को पूर्णाहुति के साथ चादर वितरण एवं महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है। इसी दिन रात्रि 8 बजे से विशाल भजन संध्या आयोजित होगी, जिसमें प्रसिद्ध भजन कलाकारों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।